प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डा. वी.पी.एस. अरोरा सभागार का उद्घाटन

विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय एवं प्रबन्धन महाविद्यालय में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति, डा. तेज प्रताप तथा महाविद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व अधिष्ठाता, डा. वी.पी.एस. अरोरा, एवं कई विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलपति की गरिमामयी उपस्थिति से प्रारंभ हुआ। कुलपति, डा. तेज प्रताप, ने महाविद्यालय के नवनिर्मित सभागार डा. वी.पी.एस. अरोरा सभागार का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर कुलपति डा. तेज प्रताप, ने महाविद्यालय भवन के जीर्णोद्धार तथा नवनिर्मित सभागार तथा विशेषकर इस उपलब्धि एवं महाविद्यालय द्वारा अर्जित अन्य उपलब्धियों हेतु अधिष्ठाता, डा. आर.एस. जादौन, की प्रशंसा करते हुए उनसे आशा व्यक्त की, कि महाविद्यालय उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इसी प्रकार सफलता के नये आयामों को स्थापित करेगा।

सभागार का नामकरण डा. वी.पी.एस. अरोरा सभागार करने के अवसर पर डा. अरोरा ने आशीर्वचन दिये तथा उन्होंने अपनी महाविद्यालय की स्थापना संबंधित यात्रा के कई पड़ावों तथा वृतान्तों को साझाा किया।
डा. आर.एस. जादौन ने अपने सम्बोधन में सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं इस कार्य में किसी भी प्रकार का योगदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति सराहना की। उन्होंने महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारियों की प्रशंसा की। उन्होंने इस जीर्णोद्धार एवं सभागार दोनों की योजना तथा परिकल्पना बनाने में प्रमुख भूमिका निभाने तथा आज के कार्यक्रम के सफल संयोजन करने हेतु डा. सौरभ सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के अन्य महाविद्यालयों के अधिष्ठातागण, निर्माण एवं संयंत्र निदेशालय के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डा. आशुतोष सिंह, प्राध्यापक ने उपस्थित लोंगो को महाविद्यालय के कार्य–कलापों तथा उपलब्ध्यिों से अवगत कराया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षकों ने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से अपना विशेष योगदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण डा. निर्देश कुमार सिंह, डा. जयन्त गौतम, सुश्री स्नेहा दोहरे, डा. रीतिका भट्ट, समस्त कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे। डा. मुकेश पाण्डे, प्राध्यापक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम समापन विशिष्ट अतिथियों को शाल तथा स्मृति का भेंट करने के साथ सम्पन्न हुआ।

डा. वी.पी.एस. अरोरा सभागार का रिबन काटकर उद्घाटन करते डा. वी.पी.एस. अरोरा एवं कुलपति तेज प्रताप